दिनांक- 17.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 565/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 17.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 17.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 565/26

# महोबा पुलिस

## नाग पंचमी के अवसर पर मां मदारन माता मंदिर में चल रहे मेले की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस अधीक्षक महोबा ने लिया जायजा

आज दिनांक 17.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा नाग पंचमी के अवसर पर थाना चरखारी क्षेत्र स्थित मां मदारन माता मंदिर परिसर में आयोजित मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मेले का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, सुगम आवागमन, यातायात व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने, भीड़ वाले स्थानों पर प्रभावी पुलिस व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महोबा पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए उनकी सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे, प्रभारी निरीक्षक चरखारी श्री बीरेंद्र प्रताप सिंह सहित मेले में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।






दिनांक- 17.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 566/26

# महोबा पुलिस

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।

- आज दिनांक 17.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।
- अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।
- पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।






दिनांक- 17.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 567/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर- थाना कोतवाली नगर

## थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शस्त्रों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, दिनांक 16.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित उ0नि0 गौरव चौबे मय हमराह कां0 आमिर खान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त इमरान नट पुत्र सुबेदार नट उम्र करीब 25 वर्ष निवासी किदवई नगर थाना कबरई जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर एवं 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये करिया पठवा ईदगाह के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 410/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

इमरान नट पुत्र सुबेदार नट उम्र करीब 25 वर्ष निवासी किदवई नगर थाना कबरई जनपद महोबा

### बरामदगी विवरण-

एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 गौरव चौबे चौकी प्रभारी बजरिया
2. कां0 आमिर खान



दिनांक- 17.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 568/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़- थाना कुलपहाड़

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 05 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में संचालित अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 16.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित उ0नि0 मलखान सिंह मय हमराह हे0कां0 शिवप्रताप सिंह, कां0 प्रशान्त कुमार एवं कां0 नीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान कस्बा जैतपुर बेलाताल के पास रुपये पैसो से हार जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुंआ खेलते हुये 05 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.अशोक कुमार पुत्र केशर प्रसाद अनुरागी उम्र करीब 32 वर्ष 2.सन्तू रैकवार पुत्र गौरीशंकर रैकवार उम्र करीब 23 वर्ष 3.धरमदास पुत्र खुमान अनुरागी उम्र करीब 43 वर्ष 4.कल्ला अनुरागी पुत्र स्व0 घनश्याम अनुरागी उम्र करीब 32 वर्ष 5.उग्रेन अनुरागी पुत्र गोवर्धन अनुरागी उम्र करीब 34 वर्ष समस्त निवासीगण मो0 करारीपुरा जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से मालफड़ 5190 रु0, जामा तलाशी 1920 रु0 कुल 7110 रु0 व 52 अदद ताशपत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 195/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

1.अशोक कुमार पुत्र केशर प्रसाद अनुरागी उम्र करीब 32 वर्ष निवासी मो0 करारीपुरा जैतपुर थाना कुलपहाड़ महोबा

2.सन्तू रैकवार पुत्र गौरीशंकर रैकवार उम्र करीब 23 वर्ष नि0 मो0 करारीपुरा जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

3.धरमदास पुत्र खुमान अनुरागी उम्र करीब 43 वर्ष निवासी मो0 करारीपुरा जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

4.कल्ला अनुरागी पुत्र स्व0 घनश्याम अनुरागी उम्र करीब32 वर्ष नि0 मो0 करारीपुरा जैतपुर थाना कुलपहाड़ महोबा

5.उग्रेन अनुरागी पुत्र गोवर्धन अनुरागी उम्र करीब 34 वर्ष निवासी मोहल्ला करारीपुरा जैतपुर थाना कुलपहाड़ महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 मलखान सिंह

2.हे0कां0 शिवप्रताप सिंह

3.कां0 प्रशान्त कुमार

4.कां0 नीरज कुमार



दिनांक- 17.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 569/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर- थाना खन्ना

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने
## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शस्त्रों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खन्ना श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा गठित उ0नि0 सुरेश कुमार मय हमराह हे0कां0 लोकेश प्रताप सिंह व कां0 शीलू यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त श्याम बाबू पुत्र पप्पू उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 80/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

श्याम बाबू पुत्र पप्पू उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना जनपद महोबा ।

**बरामदगी -**

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 सुरेश कुमार
2.हे0कां0 लोकेश कुमार
3.कां0 शीलू यादव



दिनांक- 17.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 570/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़- थाना कुलपहाड़

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शस्त्रों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित उ0नि0 मलखान सिंह मय हमराह हे0कां0 शिवप्रताप सिंह, कां0 प्रशान्त कुमार व कां0 नीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 चन्द्र किशोर चौबे उम्र करीब 40 वर्ष निवासी मो0 नैरइयापुरा कस्बा जैतपुर (बेलाताल) थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये मो0 मस्तयाना जैतपुर थाना कुलपहाड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 196/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 चन्द्र किशोर चौबे उम्र करीब 40 वर्ष निवासी मो0 नैरइयापुरा कस्बा जैतपुर (बेलाताल) थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

**बरामदगी -**

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होना।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1.उ0नि0 मलखान सिंह

2.हे0कां0 शिवप्रताप सिंह

3.कां0 प्रशान्त कुमार

4.कां0 नीरज कुमार



दिनांक- 17.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 571/26

# महोबा पुलिस

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महोबा पुलिस का जागरूकता अभियान, महिलाओं को सुरक्षा, अधिकार व आत्मनिर्भरता का संदेश

## मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण):- डर से सुरक्षा तक, निर्भरता से आत्मनिर्भरता तक – हर कदम नारी के सम्मान में महोबा पुलिस !

## "बेटियों के हौसले को मिला नया आसमान, मिशन शक्ति से जाग उठी पहचान।"

मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद की समस्त थाना पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों एवं विभिन्न अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों–181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (महिला शक्ति लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) एवं 1076 (पुलिस कंट्रोल रूम) के बारे में अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को UPCOP ऐप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का त्वरित लाभ उठाने की जानकारी दी गई तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल/खातों के जरिए होने वाली धोखाधड़ी से बचाव के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए।

महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के संबंध में भी जागरूक किया गया, जिसमें POCSO एक्ट (बाल यौन शोषण से संरक्षण), दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी शामिल रही।

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु यह अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं को सशक्त एवं सुरक्षित महसूस कराना तथा अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को और अधिक मजबूत करना है।

महोबा पुलिस द्वारा समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तुरंत निकटतम पुलिस थाने या उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

हम सब मिलकर एक सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सशक्त समाज का निर्माण करें।





